कुल प्रश्नों की संख्या : 26 | कुल पृष्ठों की संख्या : 08

Total No. of Questions: 26 | Total No. of Pages: 08

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

213

विषय : सामाजिक विज्ञान

Subject: SOCIAL SCIENCE

(Hindi & English Versions)

समय : 03 घण्टे | पूर्णांक : 100

Time: 03 Hours | Maximum Marks: 100

निर्देश :–

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नपत्र में दिये गये निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। कुल 5X5=25 अंक है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 120 शब्द है।

(viii) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द है।

(ix) प्रश्न क्रमांक 23 का उत्तर दिये गये निर्देशानुसार भारत के रेखा मानचित्र पर दर्शाइए।

Instructions :-

(i) All questions are compulsory.

(ii) Read the instructions of question paper carefully and write their answers.

(iii) Questions from 1 to 5 are objective type and compulsory. Each question carries 5 marks. Total marks are 5x5 = 25.

(iv) Questions from 6 to 26 are given internal options.

(v) Questions from 6 to 10 are very short answer type questions. Word limit is 30 words. Each question carries 2 marks.

(vi) Questions from 11 to 14 are short answer type questions. Word limit is 75 words. Each question carries 3 marks.

(vii) Questions from 15 to 21 are long answer type questions. Word limit is 120 words. Each question carries 4 marks.

(viii) Questions from 22 to 26 are long answer type questions. Word limit is 150 words. Each question carries 5 marks.

(ix) Question 23 should be indicated on the outline map of India as directed.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(5×1=5)**

(अ) गुरुत्वाकर्षण के नियम का प्रतिपादन किसने किया?

(i) आइज़ैक न्यूटन (ii) कैपलर

(iii) कापरनिकस (iv) सर्वेटस

(ब) दूरबीन का विकास किसने किया?

(i) कैपलर (ii) गैलिलियो

(iii) न्यूटन (iv) हार्वे

(स) प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी है –

(i) कृष्णा (ii) कावेरी

(iii) नर्मदा (iv) गोदावरी

(द) मीर ज़ाफ़र कहाँ का नवाब था?

(i) मैसूर (ii) पंजाब

(iii) बंगाल (iv) बरार

(इ) मुख्यमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?

(i) राष्ट्रपति (ii) विधानसभा का अध्यक्ष

(iii) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश (iv) राज्यपाल

Choose the correct option and write -

(a) Who formulated the law of gravitation?

(i) Isaac Newton (ii) Kepler

(iii) Copernicus (iv) Servetus

(b) Who developed the Telescope?

(i) Kepler (ii) Galileo

(iii) Newton (iv) Harvey

(c) Which is the longest river of peninsular India?

(i) Krishna (ii) Kaveri

(iii) Narmada (iv) Godavari

(d) Mir Jafar was the Nawab of -

(i) Mysore (ii) Punjab

(iii) Bengal (iv) Berar

(e) Who appoints the Chief Minister of a state?

(i) President

(ii) Speaker of the Legislative Assembly

(iii) Chief Justice of the High Court

(iv) Governor

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (5×1=5)

(अ) समाज कांस्य युग सभ्यता में ..... में विभाजित था।

(ब) ..... और ..... महान चिकित्सक थे।

(स) बौद्ध साहित्य ..... भाषा में लिखा गया।

(द) स्थायी बंदोबस्त प्रणाली ..... द्वारा पेश की गई।

(इ) पेड़ पौधे ..... की प्रक्रिया से सूर्य किरणों से अपने लिए ऊर्जा पैदा करते हैं।

Fill in the blanks -

(a) Society in Bronze age civilizations was divided into.....

(b) ..... and .....were great physicians.

(c) Buddhist literature was written in.....language.

(d) Permanent settlement was introduced by.....

(e) Plants produce their own energy by the process of..... from the sun rays.

प्र.3 सही जोड़ी बनाइए – (5×1=5)

अ	ब
(1) शीत ऋतु	(1) जमशेदपुर
(2) संगमरमर	(2) अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांत
(3) लोहा और इस्पात	(3) बसन्त पंचमी
(4) अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को प्रोत्साहन	(4) लोकतंत्र अधूरा है
(5) आर्थिक विकास के बिना	(5) चट्टान

Match the following -

A	B
(1) Cold weather season	(1) Jamshedpur
(2) Marble	(2) International principles
(3) Iron and steel	(3) Basant Panchami
(4) Promotion of international peace and security	(4) Democracy will be incomplete
(5) Without economic equality	(5) Rock

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.4 निम्नलिखित में सत्य/असत्य बताइए – (5×1=5)

(अ) नवस्वाधीन देशों में से अधिकांश ने गुटनिरपेक्ष नीति का पालन किया था।

(ब) उत्तरी विशाल मैदान का निर्माण नदियों के अवसादों से हुआ है।

(स) स्वामी दयानंद का विश्वास था कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए पुरोहितों की मध्यस्थता आवश्यक है।

(द) लॉर्ड माउंटबेटन 1947 में भारत के वायसरॉय बने।

(इ) प्राकृतिक संसाधनों का भंडार असीमित है।

State true/false in the following -

(a) Most of the newly independent countries followed the policy of non-alignment.

(b) The northern great plain has been formed due to materials brought by rivers.

(c) Swami Dayanand believed in the importance of priests in having access to god.

(d) Lord Mountbatten became the Viceroy of India in 1947.

(e) The stock of natural resources is unlimited.

प्र.5 एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए – (5×1=5)

(अ) मनुष्य ने सबसे पहले किस धातु का प्रयोग किया?

(ब) अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह कहां स्थित है?

(स) अंग्रेज़ी को सरकारी भाषा कब बनाया गया?

(द) भारत में गांधीजी ने सर्वप्रथम सत्याग्रह का प्रयोग कहां किया?

(इ) आपके विचार में भारतीय विदेश नीति का एकमात्र प्रमुख लक्ष्य क्या है?

Write the answer in one word/sentence -

(a) Which was the first metal used by human beings?

(b) Where do Andaman and Nicobar islands situated?

(c) When was English made the Official Language?

(d) Where did Gandhiji first experimented with Satyagraha in India?

(e) What in your view is the single most important goal of India's foreign policy?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.6 भारत में सिंधु सरस्वती सभ्यता के दो स्थलों के नाम बताइए। (2)
Name two sites of the Harappan civilization in India.

अथवा / OR

प्राचीनतम वेद कौनसा है?
Which is the earliest Veda?

प्र.7 मृदाक्षय किसे कहते हैं? (2)
What is soil exhaustion?

अथवा / OR

जूट से बने वस्त्रों के कोई दो उपयोग बताइए।
Name any two uses of Jute textile.

प्र.8 1857 के आंदोलन के दो नेताओं के नाम बताइए। (2)
Mention names of any two leaders of the revolt of 1857.

अथवा / OR

गरमपंथी दो नेताओं के नाम लिखो।
Name two extremist leaders.

प्र.9 हम प्रत्येक वर्ष मानवाधिकार दिवस कब मनाते हैं? (2)
When do we celebrate Human Rights Day every year?

अथवा / OR

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है?
Who appoints the Chairman of the National Human Rights Commission?

प्र.10 जल प्रदूषण के कारण होने वाली कोई दो बीमारियों के नाम लिखिए। (2)
Write the names of any two diseases caused by water pollution.

अथवा / OR

पर्यावरण क्या है?
What is Environment?

प्र.11 हड़प्पा सभ्यता की मुख्य विशेषताएं क्या थीं? (3)
What were the important features of Harappan Civilization?

अथवा / OR

आतंकवाद के दो रूपों की चर्चा कीजिए।
Discuss two forms of terrorism.

प्र.12 वन्य जीवों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? (3)
Why is conservation of wildlife important?

अथवा / OR

मृदा किसे कहते हैं? मनुष्य के लिए इसके दो महत्त्व बताइए।
What is soil? State its two importance for humans.

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.13 अंग्रेज़ी/पाश्चात्य शिक्षा ने राष्ट्रीय चेतना जगाने में कैसे सहायता की? (3)
How did Western education help in generating National consciousness?

अथवा/OR

किस घटना के बाद असहयोग आंदोलन वापस ले लिया गया?
Which event led to the withdrawal of the Non-cooperation Movement?

प्र.14 मानव अधिकारों का महत्त्व बताइए। (3)
Explain the importance of Human Rights.

अथवा/OR

मौलिक अधिकार हमारे लिए क्यों महत्त्वपूर्ण हैं?
Why are Fundamental Rights important for us?

प्र.15 वैश्वीकरण की प्रमुख विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए। (4)
Briefly describe the major characteristics of Globalization.

अथवा/OR

तीसरी दुनिया के देश किन्हें कहा जाता है? उनकी मुख्य मांगे क्या हैं?
Who are referred to as the Third World countries? What are their main demands?

प्र.16 सिंचाई क्यों आवश्यक है? भारत में सिंचाई के किन्हीं चार कारणों का वर्णन कीजिए। (4)
Why is irrigation necessary? Describe any four causes of irrigation in India.

अथवा/OR

परिवहन और संचार के विभिन्न साधनों को देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा क्यों कहा जाता है?
Why has the means of transport and communication been called the lifelines of the economy of the country?

प्र.17 भारतीय संस्कृति की मुख्य विशेषताएं क्या हैं? (4)
What are the main characteristics of Indian culture?

अथवा/OR

शहरी व ग्रामीण संरचना में अंतर करें।
Differentiate between Rural and Urban social structure.

प्र.18 19वीं शताब्दी में महिलाओं से संबंधित मुख्य सामाजिक बुराइयों की व्याख्या करें। (4)
Explain the major social evils related to women in the 19th century.

अथवा/OR

माउंटबेटन योजना क्या थी?
What was the Mountbatten Plan?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.19 धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र से आपका क्या तात्पर्य है? क्या आप मानते हैं कि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। (4)

What do you mean by a secular state? Do you think that India is a secular state?

अथवा / OR

अच्छी नागरिकता की राह की कौनसी प्रमुख बाधाएं है?

What are the major hindrances in the way of good citizenship?

प्र.20 प्रधानमंत्री की नियुक्ति कैसे होती है? उनके किसी दो कार्यों की व्याख्या कीजिए। (4)

How is Prime Minister appointed? Explain any two functions of a Prime Minister.

अथवा / OR

ग्राम पंचायत की संरचना पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the composition of Gram Panchayat.

प्र.21 जल प्रदूषण के क्या कारण है? (4)

What are the causes of water pollution?

अथवा / OR

राष्ट्रीय एकता हमारा मुख्य लक्ष्य क्यों है?

Why is National Integration one of our important goals?

प्र.22 सूचना प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया की किस तरह मदद की? (5)

How information technology helped the process of Globalization?

अथवा / OR

पूर्व वैदिक आर्यों के सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक जीवन का वर्णन करें।

Describe the social, religious and economic life of the early Vedic people.

प्र.23 दिए गए भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए – (5)

(i) गंगा नदी (ii) हिन्द महासागर (iii) चेन्नई

(iv) चिल्का झील (v) बंगाल की खाड़ी

Show the following on the outline map of India -

(1) The Ganga River (2) Indian Ocean (3) Chennai

(4) Chilika Lake (5) Bay of Bengal

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा / OR

दिए गए भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए –

(1) महाराष्ट्र (2) दिल्ली (3) कर्क रेखा

(4) दक्कन का पठार (5) हिमालय पर्वत

Show the following on the outline map of India -

(1) Maharashtra (2) Delhi (3) Tropic of Cancer

(4) Deccan Plateau (5) The Himalaya Mountain

प्र.24 भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा करें। **(5)**

Discuss the steps taken by the Government of India to promote and preserve the rich cultural heritage in India.

अथवा / OR

जनसंख्या को देश का सबसे बड़ा संसाधन क्यों कहा जाता है?

Why population is called the biggest resource of the country?

प्र.25 'भारत छोड़ो' आंदोलन का वर्णन कीजिए। **(5)**

Explain the 'Quit India' Movement.

अथवा / OR

भारत में पाई जाने वाली छः प्रकार की मृदाओं के नाम बताइए। तथा इनमें से किसी एक प्रकार का विस्तृत विवरण कीजिए।

Name six types of soils found in India. Describe any one of these in detail.

प्र.26 नगरपालिका के किन्हीं पाँच कार्यों का उल्लेख कीजिए। **(5)**

Discuss any five functions of Municipalities.

अथवा / OR

भारत में चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी किस संस्था पर है। इसके गठन और कार्यों का विवरण दीजिए।

Which authority in India is responsible for conducting Elections? Describe its composition and functions.

---

schools.aglasem.com

aglasem.com

कुल पृष्ठों की संख्या : 11

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

आदर्श उत्तर

213

विषय : सामाजिक विज्ञान

Subject: SOCIAL SCIENCE

उ.1 सही विकल्प – **(5×1=5)**

(अ) आजइक न्यूटन

(ब) गैलिलियो

(स) गोदावरी

(द) बंगाल

(इ) राज्यपाल

उ.2 रिक्त स्थान – **(5×1=5)**

(अ) वर्गों

(ब) चरक और सुश्रुत

(स) पाली

(द) लार्ड कर्नवालिस

(इ) प्रकाश संश्लेषण

उ.3 सही जोड़ी – **(5×1=5)**

(अ)	**(ब)**
(1) शीत ऋतु	(1) बसन्त पंचमी
(2) संगमरमर	(2) चटटान
(3) लोहा और इस्पात	(3) जमशेदपुर
(4) अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को प्रोत्साहन	(4) अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांत
(5) आर्थिक विकास के बिना	(5) लोकतंत्र अंधूरा है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.4 सत्य / असत्य – **(5×1=5)**

(अ) सत्य

(ब) सत्य

(स) असत्य

(द) असत्य

(इ) असत्य

उ.5 एक शब्द / वाक्य – **(5×1=5)**

(अ) तांबा

(ब) बंगाल की खाड़ी में

(स) 1844

(द) चंपारन

(इ) विश्वशांति

उ.6 (1) लोथल **(2)**

(2) कालीबंगा

अथवा

उ.6 प्राचीनतम वेद ऋग्वेद है।

उ.7 **मृदाक्षय** – भारत की मिट्टियों में हजारों सालो से रवेती हो रही है। इसी के परिणामस्वरुप मिट्टियों की उर्वरता घटती जा रही है। मिट्टी की उर्वरता के घटने को ही मृदाक्षय कहते है। **(2)**

अथवा

उ.7 जूट से बने वस्त्रों के दो उपयोग निम्न है।

(1) बोरियां

(2) कालीन तथा अन्य जूट निर्मित सामान

उ.8 1857 के आंदोलन के दो नेता निम्न है। **(2)**

(1) नाना साहेब

(2) रानी लक्ष्मीबाई

अथवा

उ.8 दो गरमपंथी नेता के नाम निम्न है।

(1) बालगंगाधर तिलक

(2) लाला लाजपत राय

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.9 हम प्रत्येक वर्ष मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर को मनाते है। (2)

अथवा

उ.9 राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति राष्ट्रपति करता हैं।

उ.10 जल प्रदूषण के कारण होने वाली बीमारी – (2)

(1) हैजा

(2) हेपेटाइटिस

उ.10 पर्यावरण – पर्यावरण शब्द से तात्पर्य हमारे आसपास मौजूद सभी तत्वों, प्रक्रियाओं और दशाओं तथा उनके अंतर संबंधों से है। पर्यावरण को हमारे चारो ओर पाई जाने वाली वस्तु के कुल योग के रूप में पारिभाषित किया जा सकता है।

उ.11 हड़प्पा सभ्यता की विशेषताएं निम्न है। (3)

(1) नगर योजना

(2) समाज और अर्थ व्यवस्था

(3) धर्म और संस्कृति

(वर्णन करने पर अंक प्रदान किए जाए)

अथवा

उ.11 आंतकवाद के दो रूप – (3)

(1) देश के अंदर हताशपूर्ण आतंकवादी कार्यवाही

(2) सरहद पर आतंकवाद

उ.12 वन्य जीवों का संरक्षण आवश्यक है। (3)

(1) वन्यप्राणी प्रकृति की धरोहर है।

(2) प्रकृति में जैवकीय सन्तुलन बनाये रखने में

(3) दुर्लभ प्रजाति के जीवों की सुरक्षा के लिए

अथवा

उ.12 मृदा से आशय – मृदा चट्टानों के टूटे–फूटे बारीक कणों से बनती है साथ ही साथ वनस्पति और जीव–जन्तुओं के सड़े गले अंश भी इसमें मिले होते है। (3)

मृदा का महत्त्व –

(1) मनुष्य को भोजन, वस्त्र और मकान मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति मृदा से होती है।

(2) मृदा कृषि की ही नहीं उद्योगों का भी आधार है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.13 अंग्रेंजी भाषा को भारत में प्रारम्भ करने का परिणाम उनकी अपेक्षाओं से बिल्कुल विपरीत था। इसने परिचय के लिए एक खिड़की खोल दी जिसमें से प्रजातंत्र, राष्ट्रीयता, बुद्धिवाद तथा समानता के नए विचार आए। एक बार शिक्षित होने पर भारतीयों ने अपने अधिकारों के बारे में भी समक्ष लिया। (3)

अथवा

उ.13 असहयोग आंदोलन को किसानों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। स्थान पर किसानों ने लगान वृद्धि के खिलाफ आंदोलन किए। तीन हजार किसानों ने चौरी चौरा नायक स्थान पर विशाल प्रदर्शन किया। किसानों पर गोली चलाने से भीड़ उत्तेजित ही गयी। उत्तेजित भीड़ ने पुलिस थाने में मान लगा दी। जिससे 22 पुलिस कर्मी जिंदा जल गए। इस घटना से गांधी जी ने 12 फरवरी 1922 को असंहयोग आंदोलन वापस ले लिया।

उ.14 मानव अधिकारों का महत्त्व – (3)

(1) मानव अधिकार व्यक्तित्व के पूर्ण विकास में सहायक है।

(2) मानव की गरिमा और प्रतिष्ठा के लिए आवश्यक है।

(3) समाज में पूर्ण शान्ति की स्थापना में सहायक है।

अथवा

उ.14 मौलिक अधिकार महत्त्वपूर्ण क्यों – मौलिक अधिकार से व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है। ये अधिकार लोगों को एक स्वतंत्र और सुखी जीवन जीने के योग्य बनाते है। ये अधिकार लोगों के बीच शांति और मेल सुनिश्चित करते है। मौलिक अधिकार बच्चों, महिलाओं तथा समाज के दूसरे कमजोर वर्गो के हितों की देखरेख करते है।

उ.15 वैश्वीकरण की विशेषताएँ – (4)

वैश्वीकरण व्यापार और विनिमय के अवरोधों को ध्वस्त कर तथा पूँजी और श्रम को अधिक गतिशीलता प्रदान कर विश्व अर्थव्यवस्था के उतरोतर एंकीकरण प्रक्रिया है। इसका लक्ष्य माल, सेवा, श्रम, पूंजी और मुद्रा के लिए एक अंर्तराष्ट्रीय बाजार का निर्माण करना है। वैश्वीकरण, को तीसरी दुनिया के देशों में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के रूप में पेश किया गया। कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है।

अथवा

उ.15 तीसरी दुनिया के देश – ऐसे देश जो औद्योगीकरण में पिछड़े हुए है जो उपनिवेशवाद के शिकार थे। और आर्थिक रूप से पिछड़े है। उन्हें तीसरी दुनिया के देश माना जाता है।

मुख्य मांग – तीसरी दुनिया के देश समानता और न्याय पर आधारित एक न्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था की मांग करते रहे है। जिससे कि बड़ी संख्या में दक्षिण के विकासशील देश स्वाभिमान के साथ रहे। और विकास कर सकें। किसी कि दया के पात्र न समझे जाएँ।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.16 सिंचाई की आवश्यकता – फसलों को बढ़ाने के लिए निरतंर नमी की आवश्यकता होती हैं। हमारे देश की जलवायु उष्ण कटिबंधीय है। इसी कारण मिट्टी की बहुत सी नमी भाप बनकर उड़ जाती है। अतः अच्छी उपज के लिए सिंचाई की आवश्यकता होती है। **(4)**

(1) वर्षा की अनिश्चितता

(2) वर्षा का असमान वितरण

(3) जनसंख्या वृद्धि

(4) वर्षा की अल्प अवति का होना

(वर्णन करने पर अंक प्रदान किए जाए)

अथवा

उ.16 परिवहन एवं संचार के साधन – किसी भी देश के आर्थिक विकास के लिए परिवहन के साधनों का विकास जरूरी है। परिवहन के साधनों को स्थल, जल, वायु परिवहन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। लोगों के आपसी मेलजोल आर्थिक और व्यापारिक क्रियाकलापों के लिए संचार के साधन जरूरी हो गए है। भारत में संचार के साधनों का बहुत विकास हुआ है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए परिवहन एवं संचार के साधन महत्त्वपूर्ण है।

उ.17 भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ – **(4)**

(1) भारत की एक समृद्ध संस्कृति है।

(2) क्षेत्रीय संस्कृतिया भारतीय संस्कृति और धरोहर को विविधता और समृद्धि प्रदान करती है।

(3) भारतीय संस्कृति परिवर्तनशील है।

(4) भारत में विभिन्न भाषा, साहित्य, नृत्य, संगीत कला स्थापत्य, संस्कृति और धर्मों में परम्पर आदान प्रदान होता है।

अथवा

उ.17 शहरी व ग्रामीण संरचना में अंतर –

(1) गाँव में कई जाति के लोग रहते है। इन गांवों का एक दूसरे के साथ संबंध है। गांवों में पेशागत विशेषज्ञता के चलते लोग एक दूसरे पर निर्भर रहते है। गांव में ग्राम पंचायते होती है।

(2) शहरों में समाज की पंरपराबादी संरचना खत्म होती जा रही है। जाति के अनुसार वहां काम करने की प्रकृति और प्रथा खत्म होती जा रही है। यहां लोगों के संबंध औपचारिक और व्यक्तिगत अधिक होते है। शहरों में संस्कृति, शैक्षणिक धार्मिक व मनोरंजन के स्त्रोत लोगों को आधुनिक बनाने के अवसर मौंजूद है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.18 19 वीं शताब्दी में महिलाओं से संबंधित सामाजिक बुराइयाँ – 19 वीं शताब्दी तक भारत में महिलाओं की स्थिति बहुत दयनीय थी। बाल विवाह और बहुविवाह प्रथा प्रचलित थी। हिन्दू समाज में महिलाओं को सम्पति और विरासत का अधिकार नहीं था। शिक्षा में उनकी भागीदारी नहीं के बराबर थी। हिन्दू समाज में दूसरी अमानवीय प्रथाओं में सती प्रथा प्रचलित थी। परदा प्रथा भी चलन में थी। **(4)**

अथवा

उ.18 मांउटबेटन योजना – मार्च 1947 में भारत का वायसराय बनकर आए लार्ड माउंटबेटेन ने कांग्रेस और मुस्लिम लीग के नेताओं से वार्ताकर अततः एक योजना बनाई। देश को आजादी दी गई लेकिन एंकीकृत रूप में नहीं। भारतीय संघ और पाकिस्तान में देश को बाटने की योजना पेश की गई। भारतीय रियासतों को अपने भविष्य का फैसता खुद करने का अधिकार दिया गया। सता भारत और पाकिस्तान को सोप दी गई।

उ.19 धर्म निरपेक्ष – धर्म निरपेक्ष राष्ट्र से आराय है। किसी भी देश में विभिन्न धर्म और पंथ के लोगों का निवास करना। हम मानते है कि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। यहाँ कोई भी धर्म राज्य धर्म नहीं हो सकता है। संविधान किसी भी व्यक्ति को अपनी पंसद से किसी पंथ या धर्म पर आस्था रखने तथा उपासना करने का अधिकार प्रदान करता है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक के लिए धार्मिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करता है। **(4)**

अथवा

उ.19 अच्छी नागरिकता की राह में प्रमुख बाधाएँ है।

(1) उदासीनता अच्छी नागरिकता की राह की प्रमुख बाधा है।

(2) शिक्षा का अभाव एक प्रमुख बाधा है।

(3) शिक्षा के अभाव के कारण बुरी प्रथाएँ और अंधविश्वास भी बने रहतू है।

(4) गरीबी अच्छी नागरिकता के गुणों के निर्माण में एक प्रमुख बाधा है।

उ.20 प्रधानमंत्री – प्रधानमंत्री शासन का वास्तविक प्रधान होता है। उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। वह मंत्रिपरिषद का नेता होता है। तथा मंत्रिमंडल के बेठकों की अध्यक्षता करता है। वह सरकार की नीतियों को निर्धारित करता है। तथा राष्ट्रपति के बीच कड़ी का कार्य करता है। वह केन्द्रीय सरकार का केन्द्रबिन्दु होता है। **(4)**

अथवा

उ.20 ग्राम पंचायत की संरचना – ग्राम पंचायत के सदस्य ग्राम सभा द्वारा चुने जाते है। इसका एक प्रधान और एक उपप्रधान होता है। प्रधान की अनुपस्थिति में उपप्रधान कार्य करता है। ये पाँच साल के लिए चुने जाते है। कुल सीटों में से 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होती है। अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए भी सीटों के आरक्षण की व्यवस्था है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.21 जल प्रदूषण के कारण – अवांछित पदार्थों का जल में इतनी अधिक मात्रा में मिल जाना कि जल मनुष्य प्राणियों और जलीय जीवों के लिए हानिकारक हो जाए जल प्रदूषण कहलाता है। जल मुख्यतः सडी गली सब्जियों, मृत प्राणियो या अन्य पुराने पड़ चुके उत्पादों और रसायनों के मिश्रण से प्रदूषित होता है। जल औद्योगिक , कृषीय और नगरीय कूड़े – कचरे से भी प्रदूषित होता है।

अथवा

उ.21 राष्ट्रीय एकता – प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति एकता की भावना पैदा हो। यही भावना हमें राष्ट्रीय एकता की ओर ले जाएगी। अतः हम कह सकते है कि राष्ट्रीय एकता वह प्रकिया है जिसमें हम लोगों में राष्ट्रीय एकता का विकास ओर निर्धारण करते है। भारत एक बहुभाषी बहुधार्मिक और बहुभातीय देश है। हमारे देश में राष्ट्रीय एकता होगी तो हम हमारे लक्ष्य तक पहुंच सकते है। **(4)**


उ.22 सूचना प्रौद्योगिकी – कम्प्यूटर, फैक्समशीन और इंटरनेट ने संचार प्रौद्योगिकी पर बड़ा प्रभाव डाला है। इसने सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पैरिवक एंकीकरण में मदद की। देश के अंदर प्रौद्योगिकी ने विचारों, लोगों और माल तथा सेवाओं की गति तेज की है। संचार की गति में अदभुत तेजी ला दी है। इस प्रकार सूचना प्रौद्योगिकी क्रांतिकारी परिवर्तनों का युग है। **(5)**

अथवा

उ.22 पूर्व वैदिक काल – पूर्व वैदिक काल की जानकारी ऋवेद से मिलती है। पूर्ण वैदिक लोग प्रायः घुमन्नू जीवन व्यतीत करते थे। उनकी अर्थव्यवस्था मुख्यतः पशुपालन पर आधारित थी। मवेशीपालन आजीविका का मुख्य साधन था। थोड़ी बहुत श्वेती भी की जाती थी। जाति प्रथा नहीं थी। कबीले का मुखिया राजा कहलाता था। कई देवी देवताओं पूजा की जाती थी। जिनमें इन्द्र सबसे प्रमुख थां।

schools.aglasem.com
aglasem.com


उ.23 इस प्रश्न का उत्तर मानचित्र में दर्शाया गया है – (5)



schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.23 इस प्रश्न का उत्तर मानचित्र में दर्शाया गया है –



schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.24 सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के प्रयास हम अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशील है। अंग्रेजो ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का गठन किया था। भारतीय मानव शास्त्र सर्वेक्षण का भी गठन गया। इस सर्वेक्षण द्वारा भारत में विभिन्न समूहों के बीच अंतर और भारतीय संस्कृति के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारिया इकटठी की गई। फला व संगीत स्कूलों ने भी संगीत के पांरपरिक रूपों को बढ़ावा दिया। राष्ट्रीय स्तर पर अकादमी स्थापित किए गए। (5)

अथवा

उ.24 जनसंख्या संसाधन के रूप में – लोग अपने जीवन को सुखद बनाने के विभिन्न प्रकार की सुविधानों को विकसित करते है। यातायात, संचार, विद्यालय, कालेज, आदि ऐसी सुविधाएं हैं। विकसित देशों में ये सुविधाएं पूर्णतया होती है। इन सुविधाओं को विकसित बनाने में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है। मानव संसाधन के अभाव में दूसरे संसाधनों का उपयोग किया जाता है। जनसंख्या उत्पादक, उपभोक्ता एवं विकास के एजेन्ट की भूमिका निभाती है। इसीलिए उसे देश का सर्वोत्तम संसाधन माना जाता है।

उ.25 भारत छोड़ो आंदोलन – 1942 का राष्ट्रीय आंदोलन 1921 और 1930 के आंदोलनों से अनेक बातों में भिन्न था। इसका ध्येय देश में जागृति उत्पन्न करना था। वे लोग जो शताब्दियों से विदेशियों के नीचे पिस रहे थे उनके ह्रदय से भय दूर करना था। 1942 के आंदोलन करने वालो का यह निश्चय था कि यह आंदोलन आजादी के लिए अन्तिम संग्राम है और इसलिए वे अपने ध्येय की पूर्ति के लिए सब कुछ बलिदान करने के लिए तैयार थे। (5)

अथवा

उ.25 मिट्टी के प्रकार निम्न है।

(1) जलोढ़ मिट्टी (2) काली मिट्टी

(3) लाल मिट्टी (4) लैटेराईट मिट्टी

(5) पर्वतीय मिट्टी (6) मरूस्थलीय मिट्टी

जलोढ़ मिट्टी – जलोढ़ मिट्टी का निर्माण नदियो द्वारा लाई गई गाद से होता है। यह मिट्टी नदी घाटियो गोदावरी, कृष्णा और कावेरी के डेल्टा प्रायद्रीपीय, भारत के तटीय प्रदेश पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, असम, राजस्थान और गुजरात में पाई जाती है। जलोढ़ मिट्टी में चावल गैहूँ, गन्ना, कपास और तिलहन की फसल होती हैं।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.26 नगर पालिकाओं के कार्य - नगर निगम दो प्रकार के कार्य करता है। अनिवार्य और ऐच्छिक। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा विकासात्मक कार्य भी किए जाते है। प्रथम वर्ग में भवन निर्माण की सुविधाएं, स्वास्थ्य और चिकित्सा संबंधी कार्य आते है। दूसरे वर्ग में पेय जल आपूर्ति, सफाई, फूड़ा और गंदनी को दूर करना। स्थानीय सड़कों का निर्माण कार्य करना। नगरीय स्थानीय संस्थाओं द्वारा गरीबी उन्मूलन और आर्थिक विकास योजना से संबंधित कार्य किए जाते हैं। **(5)**

अथवा

उ.26 निर्वाचन आयोग – भारत में चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग करता है। इस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व होता है। इसमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त तथा कुछ चुनाव आयुक्त राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते है। वर्तमान समय में भारतीय निर्वाचन आयोग में एक मुख्य चुनाव आयुक्त तथा दो आयुक्त है। आयोग का नई दिल्ली में कार्यालय है।

निर्वाचन आयोग के कार्य –

(1) स्वतंत्र, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना।

(2) पूरे निर्वाचन तंत्र की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रंण करना।

(3) राजनीतिक दलों को मान्यता देना तथा उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित करना।

(4) चुनाव के दौरान मतदाताओं, उम्मीदारों और दलों की शिकायते सुनना।

(5) निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति करना।

---

schools.aglasem.com
aglasem.com